# कोलकाता केंद्र में पुलवामा शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा

पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद हुए जाँबाज सैनिकों की याद में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें केंद्र के विद्यार्थी-शोधार्थी,अध्यापक एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सबने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद को पूरी मानवता के लिए एक बड़ा खतरा बताया। इस श्रद्धांजलि सभा में शहीदों के परिजनों को समुचित मुआवजा राशि एवं स्थायी नौकरी देने की सरकार से अपील की गई। इस मौके परकेंद्र के प्रभारी डॉ. सुनील कुमार, प्रो. चन्द्रकला पाण्डेय,पूजा शुक्ला,अजय कुमार सिंह, तेजी ईशा, चांदनी साह, श्रीप्रकाश,चन्द्र मणि, सागरसाव, सुजीता शर्मा , अर्चना कुमारी,शुभमसिंह, काजलशर्माएवं रीता बैद आदि मौजदू थे।